दो अंक एक साथ

संग्रहणीय अंक

# इंडिया टुडे

14 जनवरी, 2026 125 रुपए




## भारत के पुनर्निर्माण की कथा

1975-2025

RNI NO. 45823/1986 REGISTRATION NO. DL(DS)-02/MP/2025-26-27, DL(ND)-11/6042/2024-25-26; LICENSED TO POST WPP NO U(C)-31/2024-26; FARIDABAD/46/2026-28 www.indiatodayhindi.com

अग्रिम सप्ताह के लिए प्रत्येक शनिवार को प्रकाशित; एलपीसी दिल्ली-आरएमएस-दिल्ली-110006 से प्रत्येक शनिवार और सोमवार को प्रेषित; कुल पन्नों की संख्या 346 (आवरण सहित) वर्ष 40; अंक: 06

# एक दशक और आधी सदी

## प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी और प्रेसिडेंसी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस की यात्रा



शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने का नाम नहीं है, बल्कि यह सोच को आकार देने, नज़रिया गढ़ने और भविष्य की राह तय करने की प्रक्रिया है। इसी सपने को सच करते हुए प्रेसिडेंसी ग्रुप ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने 50 शानदार साल पूरे किए हैं। यह उपलब्धि इसलिए भी ख़ास है क्योंकि प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी ने भी प्राइवेट यूनिवर्सिटी सेगमेंट में एक दशक पूरा कर लिया है। यह दोहरी ख़ुशी उस लंबी यात्रा का प्रतीक है, जो एक छोटे से स्कूल से शुरू होकर आज एक आधुनिक, AI-यूनिवर्सिटी तक पहुँच चुकी है।

बेंगलूरू के हरे-भरे बाहरी इलाके में स्थित प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी का कैंपस अपने आप में सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण है । यहाँ कदम रखते ही एक अलग माहौल दिखता है ,यहां छात्रों में कुछ नया सीखने की ललक है और अपने भविष्य को आकार देने का जुनून है। यह वो जगह है जहाँ पढ़ाई क्लासरूम में किताबों से शुरू होकर वास्तविक दुनिया से जोड़ने तक का प्रयास करती है ।




इस पूरी यात्रा के केंद्र में हैं डॉ. निसार अहमद—प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी के फाउंडर चांसलर और प्रेसिडेंसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ग्रुप चेयरमैन। डॉ.अहमद एक ऐसे दूरदर्शी लीडर हैं, जिन्होंने शिक्षा को हमेशा समाज परिवर्तन का सबसे मज़बूत माध्यम माना। उनकी सोच साफ़ है, नजरिया प्रगतिशील है और नेतृत्व बेहतरीन है ।वे हालात को गहराई से समझते हैं और भविष्य की ज़रूरतों को पहले ही भांप लेते हैं।

1976 में बेंगलूरू में सिर्फ आठ छात्रों के साथ शुरू हुआ एक छोटा-सा स्कूल आज स्कूलों, कॉलेजों और एक यूनिवर्सिटी के सशक्त नेटवर्क में तब्दील हो चुका है। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मूल्यों पर आधारित सोच और शैक्षणिक दूरदर्शिता ने प्रेसिडेंसी ग्रुप को लगातार आगे बढ़ाया। डॉ. निसार अहमद का मानना है कि उच्च शिक्षा किसी युवा की निजी और पेशेवर ज़िंदगी को दिशा देती है, और यूनिवर्सिटीज़ को ऐसे अनुभव देने चाहिए जो छात्रों की उम्मीदों और समय की मांग के अनुरूप हों।

आज प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी अकादमिक उत्कृष्टता की एक मजबूत पहचान बना चुकी है। NAAC मान्यता प्राप्त और NIRF (मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग कैटेगरी) में रैंकिंग इसकी गुणवत्ता का प्रमाण है। यहाँ का पाठ्यक्रम

केवल परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जिज्ञासा जगाने, सवाल पूछने और समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। वैकल्पिक प्रोग्राम, शॉर्ट-टर्म कोर्स और रिसर्च-ओरिएंटेड सोच छात्रों की शैक्षणिक यात्रा को और समृद्ध बनाते हैं।

प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी में छात्रों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर—तीनों को बराबर महत्व दिया जाता है। यूनिवर्सिटी की मजबूत इंडस्ट्री पार्टनरशिप यह सुनिश्चित करती है कि छात्रों को उनकी चुनी हुई फील्ड के अनुसार सही दिशा और प्रैक्टिकल एक्सपोज़र मिले। इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, इन्फॉर्मेशन साइंस, मैनेजमेंट, कॉमर्स, लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज़, लॉ, मीडिया, हेल्थ साइंसेज़ और डिज़ाइन जैसे विविध स्कूलों के ज़रिए यहाँ स्पेशलाइज़्ड ग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम ऑफर किए जाते हैं। कई प्रोग्राम इंटरनेशनल पाथवे पर आधारित हैं और सभी कोर्स यूजीसी, एआईसीटीई, बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया और अन्य नियामक संस्थाओं के दिशानिर्देशों के तहत संचालित होते हैं।


भविष्य की ओर देखते हुए प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी खुद को एक AI-इंटीग्रेटेड कैंपस में बदलने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी ने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है, जो कैपजेमिनी, टेक महिंद्रा, सैमसंग और एनवीडिया जैसी विश्व स्तरीय प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ साझेदारी में विकसित किए गए हैं। इस प्रयोग से न सिर्फ पढ़ाने का तरीका बदला है, बल्कि सीखने का पूरा अनुभव भी बदल चुका है।अब छात्र इंडस्ट्री में प्रवेश करने से पहले ही इंडस्ट्री के जानकार बन रहे हैं।



यहाँ की फैकल्टी प्रेसिडेंसी की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। चुनिंदा एक्सपर्ट्स की यह टीम टीचिंग, रिसर्च और मेंटरशिप को समान रूप से महत्व देती है। पर्सनल अटेंशन यहाँ केवल एक दावा नहीं, बल्कि हकीकत है। कटिंग-एज टेक्नोलॉजी, ट्रांस-डिसिप्लिनरी और मल्टी-डिसिप्लिनरी लर्निंग का मजबूत सपोर्ट सिस्टम यूनिवर्सिटी को लगातार आगे बढ़ाता है।



क्लासरूम के बाहर भी प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी की कैंपस लाइफ पूरी तरह जीवंत है। क्लब्स, एनसीसी, एनएसएस और स्टूडेंट-सेंट्रिक गतिविधियाँ छात्रों के भीतर लीडरशिप, टीमवर्क और लाइफ स्किल्स को निखारती हैं। खेल सुविधाओं में फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, कबड्डी, एक आधुनिक जिम और योग पार्क शामिल हैं। साथ ही थिएटर, म्यूज़िक रूम और बिज़नेस क्लब जैसे सांस्कृतिक स्पेस छात्रों को खुद को अभिव्यक्त करने का मंच देते हैं।



एक मजबूत एलुमनाई नेटवर्क इंटर्नशिप और करियर के नए दरवाज़े खोलता है। दूरदर्शी लीडरशिप और सहयोगी फैकल्टी मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहाँ छात्र पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने आगामी जीवन की रूपरेखा तैयार करते हैं ।

डॉ. निसार अहमद अक्सर कहते हैं,
“एक वर्ल्ड-क्लास यूनिवर्सिटी बनाना हर शिक्षा-उद्यमी का सपना होना चाहिए। हमें ज्ञान और टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल कर उत्कृष्ट संस्थान खड़े करने होंगे।”
उनकी यही सोच प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी को हर दिन नई उंचाई की ओर ले जा रही है ।प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी मौजूदा समय में देश की सबसे तेज़ी से आगे बढ़ती यूनिवर्सिटी है और प्रेसिडेंसी ग्रुप 50 साल की विरासत संजोए शिक्षा के क्षेत्र में एक चमकता हुआ सितारा है।